जादू मेरे श्याम जी का | by Kunwar Deepak

जादू मेरे श्याम जी का सर चढ़ के बोले
जो भी आ जाए खाटू मस्ती में डोले
जादू मेरे श्याम जी का.............

श्याम की मर्ज़ी बिना पत्ता ना हिलता
श्याम की कृपा बिना कुछ भी ना मिलता
घुट घुट के जीता प्यारे खाटू में हो ले
जादू मेरे श्याम जी का.............

श्याम प्यारे से तू भी नैना लड़ा ले
मन में तू थोड़ा विश्वास जगा ले
बड़े से बड़ा काम होता बिन बोले
जादू मेरे श्याम जी का.............

चरणों में श्याम जी के मन को लगा ले
श्याम प्यारे को अपने दिल की सुना ले
श्याम का हो जायेगा तू भी हौले हौले
जादू मेरे श्याम जी का.............

खाटू वाले श्याम की ये दुनिया दीवानी
बिन मांगे झोली भरे शीश का दानी
दीपक किस्मत के ताले श्याम जी ने खोले
जादू मेरे श्याम जी का.............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-kunwar-deepak/